Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • हल्की ठंड की शुरुआत<br>• आनंदमय वातावरण | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | इंटरनेट<br>• सुविधा<br>• मुट्ठी में दुनिया<br>• समय की बचत | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | बाग़वानी<br>• शौक और सौंदर्य<br>• साफ़-सुथरी ताज़ा सब्ज़ी<br>• बचत | |
| | | | | उत्तर –<br>अनुच्छेद-लेखन<br>• विषयवस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 1<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 6 |
| 13 | 13 | 15 | 15 | प्रश्न – आपका आवास बदल गया है, अत: विद्यालय से अपने आवास तक की दूसरी बस से आने-जाने की अनुमति के लिए प्रधानाचार्या को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब')　　　　　　　　　　　　　　　　कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | अथवा | अथवा | अथवा | गर्मी की छुट्टियों में आप 'नाट्यशाला' के द्वारा आयोजित की जा रही 'थियेटर वर्कशॉप' में प्रवेश लेना चाहती हैं। निदेशक को 80-100 शब्दों में पत्र लिखकर 'वर्कशॉप' की जानकारी माँगिए।<br>उत्तर -<br>पत्र-लेखन<br>• प्रारूप - 1<br>• विषयवस्तु - 3<br>• भाषायी शुद्धता - 1 | 5 |
| | 14 | 13 | – | प्रश्न - विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिंदी विभाग के संयोजक की ओर से 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। | |
| | अथवा | अथवा | – | आप अपनी कॉलोनी में स्वतंत्रता-दिवस का आयोजन करना चाहते हैं। उसके सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के आमंत्रण के लिए 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। | |
| | – | – | 14 | प्रश्न - विद्यालय में आयोजित होने वाली कविता पाठ प्रतियोगिता के लिए 40-50 शब्दों में एक सूचना लिखिए। | |
| | – | – | अथवा | 'समाज-सेवा' क्लब किसी वृद्धाश्रम के लिए चादर, कंबल और गर्म कपड़े एकत्र करना चाहता है। उसके लिए 40-50 शब्दों में सूचना लिखिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/　　　　Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>सूचना-लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 15 | 15 | – | 13 | प्रश्न – परीक्षा समाप्ति पर दो विद्यार्थियों के बीच हुए संवाद को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए।<br>अथवा | |
| | अथवा | – | अथवा | खाने की मेज़ पर अपनी किसी समस्या के बारे में माताजी से बातचीत लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | 14 | – | प्रश्न – खेल के मैदान पर फुटबॉल टीम के कैप्टन और गोलकीपर के बीच हुए संवाद को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | अथवा | – | सुलह के बाद दो प्रिय मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर –<br>संवाद-लेखन<br>• प्रस्तुति – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 16<br><br><br><br>अथवा | 16<br><br><br><br>अथवा | 12<br><br><br><br>अथवा | 12<br><br><br><br>अथवा | प्रश्न - आपने अनुपयोगी और व्यर्थ समझे जाने वाले सामान से अनेक प्रकार के छोटे-छोटे खिलौने तैयार किए हैं। उनकी बिक्री के लिए लगभग 25-50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br><br>'प्रकृति' क्लब के द्वारा तैयार की गई जैविक खाद की बिक्री के लिए लगभग 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>उत्तर -<br>विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति - 2<br>• विषयवस्तु - 2<br>• भाषायी शुद्धता - 1 | 5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**सैकेंडरी स्कूल परीक्षा**

**फरवरी-मार्च – 2020**

**अंक-योजना – हिंदी 'ब' कोड संख्या 4/5/1 - 2, 3**

**SUBJECT CODE : 085**

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

**विशेष निर्देश :**

**परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अत: यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्नपत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) दो प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | प्रश्न - निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>जीवन के प्रति ............................................प्रमुख लक्षण है। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न - वैज्ञानिक दृष्टिकोण को लेखक ने कैसे समझाया है?<br>उत्तर -<br>• हर चीज़ की जाँच-परख करना<br>• गलतियाँ करके उनसे सीखना<br>• परीक्षण करके सत्य की तलाश करना<br>• तार्किक आधार पर विचारों को बदलने की क्षमता रखना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं पर अंक दिए जाएँ) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न - हमें जीवन की समस्याओं का सामना कैसे करना चाहिए और क्यों?<br>उत्तर -<br>• खुले दिमाग से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ;<br>• समस्याओं के निदान के लिए /<br>• क्योंकि एक ही बात को पकड़कर बैठे रहने से जीवन में जड़ता आ जाती है।<br>(दूसरे भाग के लिए अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न - प्राय: लोग अपने बारे में क्या धारणा रखते हैं और उनके बारे में इतिहास क्या सिद्ध करता है?<br>उत्तर -<br>• स्रष्टा ने उन्हें विशेष गुणों के साथ भेजा है। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझना;<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>• उनसे भी श्रेष्ठ जाति / समुदाय के लोग हैं<br>• उन्हें भी हराया जा सकता है तथा उनका भी शोषण किया जा सकता है।<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – लेखक के अनुसार हम किन बातों में अन्य लोगों से श्रेष्ठ हैं? उनमें बदलाव की आवश्यकता क्यों पड़ सकती है?<br>उत्तर – • हम आध्यात्मिकता और नैतिकता के क्षेत्र में दूसरों से श्रेष्ठ हैं;<br>• बदलाव न होने पर जड़ता की स्थिति आ सकती है।<br>• वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए बदलाव अनिवार्य है।<br>(दूसरे भाग के किसी एक बिंदु पर अंक दिए जाएँ।) | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का समाधान कब संभव है?<br>उत्तर –<br>• खुले दिमाग से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना<br>• सच्चाई जहाँ से भी मिले उसे ग्रहण करने के लिए इच्छुक रहना।<br>(किसी एक उचित बिंदु पर अंक दिए जाएँ) | 1 |
| | (च) | (च) | (च) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।<br>उत्तर – वैज्ञानिक दृष्टिकोण<br>(अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 2 | 2 | 2 | 2 | प्रश्न – 'शब्द' कब 'पद' बन जाता है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – 'शब्द' जब वाक्य में प्रयुक्त होता है तब 'पद' बन जाता है।<br>उदाहरण – लड़का पढ़ता है।<br>लड़का – पद<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | ½ +½ =1 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – ठाकुरबारी के जो कमरे खुले थे, उनकी तलाशी पहले से ही ले ली गई थी। (सरल वाक्य में)<br>उत्तर – ठाकुरबारी के खुले कमरों की तलाशी पहले से ही ले ली गई थी। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – बंद कमरों को भी खोलकर देखा गया था। (मिश्र वाक्य में)<br>उत्तर – जो कमरे बंद थे, उन्हें भी खोलकर देखा गया था। /<br>उन कमरों को भी खोलकर देखा गया था जो बंद थे। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – जब पुलिस ने वृद्ध साधु से हरिहर काका के बारे में पूछा तब उसने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। (संयुक्त वाक्य में)<br>उत्तर – पुलिस ने वृद्ध साधु से हरिहर काका के बारे में पूछा और / लेकिन उसने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। | 1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – जो वालेंटियर वहाँ गए थे वे अपने स्थान से लाठियाँ पड़ने पर भी हटते नहीं थे। (संयुक्त वाक्य में)<br>उत्तर – वालेंटियर वहाँ गए थे और / लेकिन वे अपने स्थान से लाठियाँ पड़ने पर भी हटते नहीं थे। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – सुभाष बाबू को पकड़ा और गाड़ी में लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया। (मिश्र वाक्य में)<br>उत्तर – जब सुभाष बाबू को पकड़ा गया तब गाड़ी में लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। /<br>जैसे ही सुभाष बाबू को पकड़ा गया वैसे ही गाड़ी में लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – पुलिस ने स्त्रियों को पकड़ा और लालबाज़ार भेज दिया। (सरल वाक्य में)<br>उत्तर – पुलिस ने स्त्रियों को पकड़कर लालबाज़ार भेज दिया। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ पड़ी। (सरल वाक्य में)<br>उत्तर–अचानक वामीरो कुछ सचेत होकर घर की तरफ दौड़ पड़ी। /<br>अचानक वामीरो कुछ सचेत होने के बाद घर की तरफ दौड़ पड़ी। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही पूरा करने का प्रयास करने लगे। (मिश्र वाक्य में)<br>उत्तर– जो काम एक महीने में पूरा होने वाला था, उसे एक दिन में ही पूरा करने का प्रयास करने लगे / | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | जिस काम को एक दिन में ही पूरा करने का प्रयास करने लगे वह एक महीने में पूरा होने वाला था। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – अँगीठी सुलगाकर उस पर चायदानी रखी। (संयुक्त वाक्य में)<br>उत्तर – अँगीठी सुलगाई और उस पर चायदानी रखी। | 1 |
| 4 | 4 | – | – | | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास के नाम भी लिखिए – | |
| | (i) | – | – | प्रश्न – महात्मा<br>उत्तर – महान है जो आत्मा - कर्मधारय समास /<br>महान है आत्मा जिसकी (व्यक्ति विशेष) - बहुव्रीहि समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – खाना-पीना<br>उत्तर – खाना और पीना - द्वंद्व समास | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित पदों के समस्त पद बनाकर समास के नाम भी लिखिए – | |
| | (i) | – | – | प्रश्न – धीरे ही धीरे<br>उत्तर – धीरे-धीरे - अव्ययीभाव समास | ½ +½ =1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – बंधन से मुक्त<br>उत्तर – बंधनमुक्त - तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | 4 | – | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास के नाम भी लिखिए – | |
| | – | (i) | – | प्रश्न – तन-मन<br>उत्तर – तन और मन - द्वंद्व समास | ½ +½ =1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – त्रिलोचन<br>उत्तर – तीन हैं लोचन जिसके (शिव) - बहुव्रीहि समास<br>तीन लोचनों का समूह - द्विगु समास | ½ +½ =1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – निम्नलिखित पदों के समस्त पद बनाकर समास के नाम भी लिखिए – | |
| | – | (i) | – | प्रश्न – महान है जो जन<br>उत्तर – महाजन - कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – ग्राम में वास<br>उत्तर – ग्रामवास - तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | 4 | | |
| | – | – | (क) | प्रश्न – निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास के नाम भी लिखिए – | |
| | – | – | (i) | प्रश्न – आजीवन<br>उत्तर – जीवन-पर्यंत / जीवन भर - अव्ययीभाव समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – शताब्दी<br>उत्तर – सौ (शत) अब्दों (वर्षों) का समाहार - द्विगु समास | ½ +½ =1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

**Downloaded From : http://cbseportal.com/**

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – निम्नलिखित पदों के समस्त पद बनाकर समास के नाम भी लिखिए – | |
| | – | – | (i) | प्रश्न – आराम के लिए कुर्सी<br>उत्तर – आरामकुर्सी – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – श्वेत है जो अंबर<br>उत्तर – श्वेतांबर – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – सोनाली ने आम को खाया।<br>उत्तर – सोनाली ने आम खाया। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – जब भी आप आओ मुझसे मिलो।<br>उत्तर – जब भी आप आएँ, मुझसे मिलें। /<br>आप जब भी आएँ, मुझसे मिलें। /<br>जब भी तुम आओ मुझसे मिलो। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – उदिता छत में खेल रही है।<br>उत्तर – उदिता छत पर खेल रही है। | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – माउंट आबू की प्राकृतिक सौंदर्यता देखते ही बनती है।<br>उत्तर – माउंट आबू की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। /<br>माउंट आबू का प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता है। | 1 |



**Downloaded From : http://cbseportal.com/** **Courtesy : CBSE**

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – स्कॉलरशिप की उत्तरदायित्व आपको दी जाती है।<br>उत्तर – स्कॉलरशिप का उत्तरदायित्व आपको दिया जाता है। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – आजकल दस रुपया में क्या आता है?<br>उत्तर – आजकल दस रुपए में क्या आता है? | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – यह नहीं उचित कहना है।<br>उत्तर – यह कहना उचित नहीं है। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – होरी साँप को डंडे से मारा।<br>उत्तर – होरी ने साँप को डंडे से मारा। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – आप यहाँ बैठो।<br>उत्तर – आप यहाँ बैठिए। / तुम यहाँ बैठो। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – कई स्कूल के विद्यार्थी ऐसा करते हैं।<br>उत्तर – स्कूल के कई विद्यार्थी ऐसा करते हैं। /<br>कई स्कूलों के विद्यार्थी ऐसा करते हैं। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – बच्चों से गुस्सा न करो।<br>उत्तर – बच्चों पर गुस्सा न करो। / बच्चों पर गुस्सा न करें। /<br>बच्चों से गुस्सा न हों। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – यह गद्यांश हमारे पुस्तक से लिया है।<br>उत्तर – यह गद्यांश हमारी पुस्तक से लिया है। / लिया गया है। | 1 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब')   कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 6 | 6 | 6 | 6 | प्रश्न – निम्नलिखित मुहावरों को अपने वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए – | |
| | (क) | – | – | आँखों में धूल झोंकना | |
| | (ख) | – | – | कूट-कूट कर भरना | |
| | (ग) | – | – | हक्का-बक्का रह जाना | |
| | (घ) | – | – | अपने पैरों पर खड़े होना | |
| | | | | उत्तर – उचित वाक्य प्रयोग पर अंक दिए जाएँ। | 1x4=4 |
| | – | (क) | – | आड़े हाथों लेना | |
| | – | (ख) | – | लोहे के चने चबाना | |
| | – | (ग) | – | ईद का चाँद होना | |
| | – | (घ) | – | लाल-पीला होना | |
| | | | | उत्तर – उचित वाक्य प्रयोग पर अंक दिए जाएँ। | 1x4=4 |
| | – | – | (क) | अपना ही राग अलापना | |
| | – | – | (ख) | दो टूक जवाब देना | |
| | – | – | (ग) | उड़ती चिड़िया पहचानना | |
| | – | – | (घ) | मुँह की खाना | |
| | | | | उत्तर – उचित वाक्य प्रयोग पर अंक दिए जाएँ। | 1x4=4 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 7 | 7 | 7 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | – | (क) | प्रश्न – कर्नल ने वज़ीर अली के बारे में क्या-क्या सुन रखा था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/   Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उत्तर –<br>• अंग्रेज़ों के खिलाफ़ उसके दिल में नफ़रत कूट–कूट कर भरी थी।<br>• वह जाँबाज़ सिपाही था।<br>• पाँच महीने के शासन में अवध के दरबार को लगभग अंग्रेज़ी प्रभाव से मुक्त कर दिया था।<br>• कंपनी के वकील का कत्ल करके आज़मगढ़ भाग गया और वहाँ से घाघरा पहुँचकर इन्हीं जंगलों में भटक रहा था।<br>• नेपाल जाकर अफ़गानी हमले की प्रतीक्षा करना और अवध पर कब्ज़ा करने की योजना बना रहा था।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | – | (ख) | प्रश्न – आज भी तताँरा वामीरो की प्रेमकथा घर–घर में सुनाई जाती है, क्यों?<br>उत्तर –<br>• निकोबार द्वीप समूह के दो भागों में विभक्त होने के संदर्भ में<br>• दूसरे गाँवों में युवक–युवतियों से विवाह न किए जाने की रूढ़ि को समाप्त किए जाने के कारण<br>• तताँरा–वामीरो की त्यागमयी मृत्यु के कारण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | – | (ग) | प्रश्न – 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए 26 जनवरी 1931 को सारे हिंदुस्तान में कौन–सा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और इस दिन बड़े बाज़ार का दृश्य कैसा था? | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>• भारत का दूसरा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया / स्वतंत्रता दिवस की पहली वर्षगाँठ मनाई गई ;<br>• प्राय: सभी मकानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।<br>• कई मकानों को विशेष रूप से सजाया गया।<br>• लोग उत्साह के साथ बाहर घूम रहे थे।<br>(दूसरे भाग के लिए कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | – | (घ) | प्रश्न – बड़े भाई साहब के अनुसार सफल खिलाड़ी कौन होता है?<br>उत्तर –<br>• जिसका कोई निशाना खाली न जाए / लक्ष्य-प्राप्ति का कोई भी प्रयास असफल न रहे।<br>• जो अपने प्रयासों से हर बार सफलता प्राप्त करे। | 1+1=2 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – खेलकर वापस आने पर छोटे भाई की क्या प्रतिक्रिया होती है? 'बड़े भाई साहब' कहानी के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• दबे पाँव आना<br>• बड़े भाई साहब की नज़रों से बचने का प्रयास करना<br>• बड़े भाई के रौद्र रूप से भयभीत हो जाना<br>• बड़े भाई के प्रश्नों पर मौन धारण करना।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब')　　　　　　　　　　　　　　　　　　　कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – ''रूढ़ियाँ जब बंधन बन, बोझ बनने लगें तब उनका टूटना ही अच्छा है।'' 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• रूढ़ियों को तोड़े बिना समाज की प्रगति संभव नहीं इसलिए समय के साथ रूढ़ियों और परंपराओं में परिवर्तन ज़रूरी।<br>• रूढ़ियाँ व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में बाधक होती हैं।<br>• रूढ़ियाँ रिश्तों में दूरियाँ उत्पन्न करती हैं।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – दूसरे स्वतंत्रता दिवस पर बड़े बाज़ार में क्या बदलाव देखने को मिले?<br>उत्तर –<br>• बड़े बाज़ार के सभी सार्वजनिक स्थलों और मकानों पर झंडा फहराया गया।<br>• कई मकानों को ऐसे सजाया गया था मानो स्वतंत्रता मिल गई हो।<br>• गोरखे व सार्जेंट गश्त लगा रहे थे।<br>• घुड़सवारों का प्रबंध था और पुलिस को इसी काम में लगाया गया था।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – 'गिन्नी का सोना' प्रसंग से क्या सीखा जा सकता है?<br>उत्तर –<br>• आदर्शों और व्यावहारिकता के बीच संतुलन बनाए रखना।<br>• आदर्शों से समझौता न करना। | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/　　　　Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • व्यावहारिकता के कारण आदर्शों को हानि न पहुँचने देना।<br>• सामाजिक उत्थान के लिए आदर्श अनिवार्य हैं।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| 8 | 8 | 8 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80–100 शब्दों में लिखिए –<br>प्रश्न – 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में प्रकृति और मानव संबंधों के बारे में क्या चेताया गया है और हम उसकी रक्षा कैसे कर सकते हैं?<br>उत्तर –<br>• प्रकृति और मानव का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है अन्यथा प्रकृति विनाशकारी रूप धारण कर लेगी ;<br>(दूसरे भाग के लिए संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 2+3=5 |
| | अथवा | अथवा | अथवा | प्रश्न – 'झेन की देन' में किस बात को प्रतिपादित किया गया है? उस पर अपने विचार लिखिए।<br>उत्तर –<br>• वर्तमान के महत्व को समझाया गया है।<br>• मानसिक शांति महत्वपूर्ण है।<br>• अतीत की स्मृतियों में और भविष्य की सुखद कल्पनाओं में न उलझें।<br>• सामर्थ्य के अनुसार काम करें।<br>• प्रतिस्पर्धा या अन्य कारण से अधिक तनाव से बचें। ;<br>(दूसरे भाग के लिए संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 2+3=5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 10 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | – | प्रश्न – कबीर ने 'ईश्वर प्रेम' को किस प्रकार समझाया है?<br>उत्तर –<br>• कबीर ने वास्तविक ज्ञानी की पहचान बताते हुए ईश्वर-प्रेम को दर्शाया है।<br>• बड़े-बड़े ग्रंथ पढ़ने मात्र से कोई ज्ञानी नहीं बन जाता, जब तक कि उसमें ईश्वरीय प्रेम का भाव उत्पन्न नहीं हो जाता। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | – | प्रश्न – मीरा हरि से अपनी पीड़ा दूर करने के लिए उन्हें क्या-क्या याद दिलाती हैं?<br>उत्तर – मीरा अनेक भक्तों के उदाहरण देकर उन्हें अपने कर्तव्य की याद दिलाती हैं।<br>उदाहरण –<br>• चीर हरण के समय चीर बढ़ाकर द्रौपदी की लाज बचाना<br>• प्रह्लाद की रक्षा के लिए नरसिंह का रूप धारण करना<br>• मगरमच्छ के चंगुल से गजराज को छुड़ाना।<br>(कोई दो उदाहरण अपेक्षित) | 2 |
| | (ग) | (ग) | – | प्रश्न – 'तोप' की शूरवीरता के बारे में क्या कहा गया है?<br>उत्तर –<br>• अपने समय में 'तोप' बहुत शक्तिशाली थी।<br>• 1857 के संग्राम में इसने बड़े-बड़े शूरवीरों की धज्जियाँ उड़ाई थीं। | 1+1=2 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक–योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (घ) | (घ) | – | प्रश्न – रवींद्रनाथ ठाकुर सुख के दिनों में क्या कामना करते हैं और क्यों?<br>उत्तर –<br>• सुख की स्थिति में सिर झुकाकर / विनम्रतापूर्वक हर क्षण ईश्वर का स्मरण करना चाहते हैं;<br>• प्राय: सुख के दिनों में लोग ईश्वर को भूल जाते हैं। | 1+1=2 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – सोहत ओढ़ैं पीतु ................................ प्रभात ।<br>उपर्युक्त दोहे में श्रीकृष्ण के सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया गया है?<br>उत्तर –<br>• श्री कृष्ण ने साँवले-सलोने शरीर पर पीले वस्त्र धारण किए हुए हैं, जो अत्यंत सुंदर लग रहे हैं।<br>• इन वस्त्रों में श्रीकृष्ण ऐसे लग रहे हैं, मानो नीलमणि पर्वत पर प्रात: कालीन धूप पड़ रही हो। | 2 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'धँस गए धरा में सभय शाल' – सुमित्रानंदन पंत की कल्पना स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – शाल के वृक्ष आसमान से होड़ लगा रहे थे। वे महत्त्वाकांक्षी थे, वे ऊपर उठना चाहते थे, पर वर्षा हुई तो वे अदृश्य हो गए।<br>कवि की कल्पना है कि वे मानो भयभीत होकर धरती में धँस गए हों। | 2 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – कबीर ने किस अँधियारे की बात की है और वह किस प्रकार मिटता है? | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उत्तर –<br>• अज्ञानता, अहंकार आदि के अँधियारे की बात की गई है ;<br>• अंतर्मन में आत्मज्ञान का दीपक प्रज्वलित होने पर अंधकार मिट जाता है। | 1+1=2 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – 'आत्मत्राण' कविता अन्य प्रार्थनाओं से हटकर है, कैसे?<br>उत्तर – अन्य प्रार्थना गीतों में लोग अपने दुख / अपनी विपदाओं को दूर करने की प्रार्थना ईश्वर से करते हैं, जबकि 'आत्मत्राण' में कवि स्वयं ही विपदाओं, दुखों आदि का सामना करके उन पर विजय पाना चाहता है। | 2 |
| 10 | 10 | 9 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80-100 शब्दों में लिखिए – | |
| | – | – | अथवा | प्रश्न – 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि उदार व्यक्ति के कौन-कौन से गुण उसे अलग पहचान देते हैं। अपने परिचितों में से किसी एक का उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि उसे उदार व्यक्ति कैसे कहा जा सकता है।<br>उत्तर –<br>• जो परोपकार करे।<br>• जो संपूर्ण विश्व में अखंड आत्म भाव का प्रसार करे। ;<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए संदर्भगत मुक्त उत्तर देने पर अंक दिए जाएँ) | 2+3=5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | अथवा | अथवा | 10 | प्रश्न – आपके विचार से 'कर चले हम फ़िदा' में ऐसा क्या है कि कविता सभी भारतीयों के लिए प्रेरक बन जाती है? विस्तार से समझाइए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर के लिए अंक दिए जाएँ) | 5 |
| 11 | 11 (क) | 11 (क) | 11 (क) | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60-70 शब्दों में लिखिए –<br>प्रश्न – 'रिश्तों की बुनियाद प्रेम है।' 'टोपी शुक्ला' पाठ से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• इफ़्फ़न को इफ़्फ़न बुलाने पर भी बुरा न मानना और एक-दूसरे के भावों को समझ लेना<br>• अलग-अलग धर्म के होते हुए भी निस्वार्थ प्रेमभाव होना<br>• अपने परिवार की सभी बातें निस्संकोच अपने मित्र को बताना<br>• मालिक और नौकर के भेदभाव से परे नौकरानी सीता के प्रति आत्मीयता<br>• रीति-रिवाज़, खान-पान, रहन-सहन का अंतर होते हुए भी टोपी का इफ़्फ़न के परिवार से जुड़ना<br>• उम्र में काफी अंतर होते हुए भी टोपी का इफ़्फ़न की दादी से अत्यंत लगाव।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1+1=3 |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – 'हरिहर काका' पाठ से यह बात भी उभरती है कि आज समाज में बुज़ुर्गों के प्रति आदर-सम्मान कम होता जा रहा है। इस दिशा में आप क्या-क्या करना चाहेंगे?<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 3 |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 12 | 12 | 16 | 16 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | जनसंख्या नियंत्रण<br>• जनसंख्या वृद्धि की समस्या<br>• नियंत्रण की आवश्यकता क्यों?<br>• नियंत्रण कैसे? | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | गाँवों की बदलती तस्वीर<br>• रहन-सहन का स्तर<br>• शिक्षा और आधुनिकता<br>• भविष्य की संभावनाएँ | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | हिंदी हमारी पहचान<br>• मातृभाषा के रूप में<br>• संपर्क भाषा के रूप में<br>• हिंदी का भविष्य | |



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर –<br>अनुच्छेद लेखन<br>• विषयवस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 1<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 6 |
| 13 | 13 | 15 | 15 | प्रश्न – 'चेक बुक' खो जाने पर बैंक प्रबंधक को 80-100 शब्दों में पत्र लिखकर सूचना देते हुए उपयुक्त कार्रवाई के लिए निवेदन कीजिए। | |
| | अथवा | अथवा | अथवा | आपके विद्यालय में कैंटीन की व्यवस्था करवाने के लिए प्रधानाचार्या को 80-100 शब्दों में धन्यवाद-पत्र लिखिए।<br>उत्तर –<br>पत्र-लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 14 | 14 | 13 | – | प्रश्न – विद्यालय में आयोजित होने वाली कथा प्रस्तुति के लिए हिंदी विभाग के संयोजक की ओर से 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | अथवा | अथवा | – | आप अपने विद्यालय में विद्यार्थी परिषद के सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता के लिए 40-50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। | |
| | – | – | 14 | प्रश्न – विद्यालय में नवीं-दसवीं कक्षा के बीच कबड्डी का मैच आयोजित किया जाएगा। खेल सचिव की ओर से 40-50 शब्दों में सूचना लिखिए। | |
| | – | – | अथवा | विद्यालय में कठपुतली नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी, उसके लिए 40-50 शब्दों में सूचना लिखिए।<br><br>उत्तर –<br><u>सूचना-लेखन</u><br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 15 | 15 | – | 13 | प्रश्न – परीक्षा भवन के बाहर हिंदी के प्रश्न-पत्र के बारे में दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। | |
| | अथवा | – | अथवा | घर के आँगन में अमरुद का पेड़ फलों से लद गया है। उसके बारे में बहन-भाई के बीच हुए संवाद को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। | |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 4/5/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 14 | – | प्रश्न – नाटक में अच्छे प्रदर्शन के बाद मित्र से हुई बातचीत को लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | अथवा | – | छोटा भाई अँधेरे से डरता है। इस संबंध में उसके साथ हुई बातचीत लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए।<br><br><u>संवाद-लेखन</u><br>• प्रस्तुति – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 16 | 16 | 12 | 12 | आपने कपड़ों के छोटे-छोटे बैग तैयार किए हैं। उसकी बिक्री के लिए लगभग 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | अथवा | अथवा | अथवा | आप अपनी पुरानी पुस्तकों को बेचना चाहते हैं। अपनी कॉलोनी में प्रचार के लिए लगभग 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br><u>विज्ञापन-लेखन</u><br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE